## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्री.मेडिकल एवं प्री.इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु पात्र अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 10 सितम्बर को

**रायगढ़।** युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री.मेडिकल एवं प्री.इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 10 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 से 2 बजे तक प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, सड्डू उरकुरा मार्ग, रायपुर छ.ग.में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरक स्वयं परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हो सकते है।

### मिशन वात्सल्य के तहत चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 जारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति रायपुर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित मिशन वात्सल्य के तहत चाईल्ड हेल्प लाईन की स्थापना किशोर न्याय बोर्ड भवन के प्रथम तल पंजरी प्लांट, रायगढ़ में की गई है। चाईल्ड हेल्प लाईन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जो कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान करती है। टोल फ्री नंबर 1098 पर बच्चा स्वयं अथवा कोई भी व्यक्ति उपरोक्त श्रेणी के बच्चों की मदद हेतु टोल फ्री नंबर पर नि:शुल्क कॉल कर संपर्क कर सकते है।

### 13 नवंबर गोवर्धन पूजा को सार्वजनिक अवकाश तथा गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 13 नवम्बर 2023 को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में पूर्व घोषित ऐच्छिक/अवकाश के स्थान पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में निगोशिएवल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित किया गया है। इसी तरह 19 सितम्बर 2023 को गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### अब 11 सितंबर तक कर सकते हैं मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने का काम

**जिले के सभी मतदान केन्द्रों में 2 और 3 सितंबर को होगा विशेष शिविर**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी मतदाता कार्य की अवधि को 31 अगस्त से बढ़ाकर 11 सितंबर 2023 की गई है। इसके तहत 2 और 3 सितंबर (शनिवार और रविवार) को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मतदाता की मृत्यु अथवा स्थानांतरित ममतदाताओं का नाम हटवाया जा सकता है। नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोड़ा जा सकता है। दिव्यांग मतदाता के रूप में स्व्यं को चिन्हित करवाया जा सकता है। 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि 18 वर्ष की आयु पूरी हो रही है तो मतदाता बनने हेतु अपने मतदान केन्द्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क करें अथवा वोटर हेल्पलाइन एप्प या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 भर सकते हैं।

# आपसी समन्वय से होता है योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन- सांसद

**❐ सांसद गोमती साय ने ली दिशा समिति की बैठक**





**रायगढ़।** रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष रायगढ़ में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव बैठक में उपस्थित रहे।

सांसद गोमती साय ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्यवन एवं उसके प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोकहितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। जिससे लोगों को उसका लाभ मिले। कलेक्टर सिन्हा ने सांसद साय को जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव का भी ध्यान रखा जाए, जिससे योजनाएं बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

सांसद साय ने कहा कि गत समीक्षा बैठक के बाद से योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर प्रगति आई हैं, विभागों के बेहतर समन्वय के फलस्वरूप ही योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिलता हैं। हमें आगे भी इसी प्रकार का कार्य करना हैं। सांसद साय ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी एवं ग्रामीण, रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

सांसद साय ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित आयुष्मान भारत, चिरायु, खूबचंद बघेल जैसे विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए कैंप के माध्यम से जांच की जाए। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि जागरूकता के लिए निगम के साथ संयुक्त अभियान की कार्य योजना हैं। इसके साथ ही जिले को एनिमिया एवं कुपोषण मुक्त करने के लिए गर्भवती महिलाओं को फोकस कर कार्य किया जा रहा है, जिससे बच्चों को कुपोषित होने से बचाया जा सके। कुपोषण मुक्त के लिए गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार के संबंध में मार्गदर्शन के साथ समय-समय पर स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण की जाती है। सांसद साय ने दूरस्थ क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था पर कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को एम्बुलेंस के लिए निर्देशित किया।

सांसद साय ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लान एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो की जानकारी लेने पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि दिए गए लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है।

सांसद गोमती साय द्वारा रोजगार एवं प्रशिक्षण पर जानकारी लेने पर जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले में विभिन्न प्रकार के उद्योग संचालित है। इन उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल और रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा हैं, इसके साथ ही योजनाओं के फलस्वरूप युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान भी किया जा रहा है। सांसद साय ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को कहा कि किसानों को फसल बीमा लेने के प्रोत्साहित करें, जिससे किसानों को विशेष स्थिति में नुकसान न उठाना पड़े। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने बताया कि आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़ा जा रहा है एवं आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से लोन प्रकरण बनाएं जा रहे है, ताकि महिला समूह अपनी आजीविका गतिविधियां को बेहतर तरीके से संचालित कर सके।

इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सदस्य मालती राठिया, रजनी राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर राम उरांव, सुभाष पाण्डेय, सुनीति राठिया, पवन शर्मा, सुशील भोय, मनोज प्रधान, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, एडीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान, फूड ऑफिसर चितरंजन सिंह, उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# "पत्निहंता" गिरफ्तार : कापू के ग्राम बताती में पति ने डंडे से मारपीट कर की थी अधेड़ महिला की हत्या




**रायगढ़।** थाना कापू में दिनांक 31.08.2023 को ग्राम बताती खालपारा में रहने वाली भजन कुवंर (45 साल) को उसके पति द्वारा डंडे से मारपीट कर हत्या की सूचना थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को स्थानीय रहवासियों से प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुये अपने स्टाफ के साथ तत्काल ग्राम बताती रवाना हुये। जहां मृतिका का रिस्तेदार एवं गांव का गौरीशंकर मंझवार (35 साल) द्वारा मौके पर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि कल शाम इसे घटना की जानकारी हुई। कल शाम दिनांक 30.08.2023 को इसका चाचा महेश मंझवार (50 साल) उसकी पत्नी भजन कुवंर (45 साल) को बोला कि परिवार की भाभी नैहरी बाई खत्म हो गई है जिसका क्रियाक्रम सोमवार को है, जिसके लिये लकडी, दोना पत्तल अभी तक इकट्ठा नहीं किये हो और शराब पीकर इधर - उधर घुमा करती हो। इसी बात पर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ और महेश मंझवार उसकी पत्नी से गाली गलौच करते हुये घर आंगन में पडे सराई लकडी के डंडा से उसकी पत्नी भजन कुवंर को बेहद मार पीट किया जिससे आयी अंदरूनी चोट से भजन कुंवर फौत हो गई। थाना प्रभारी द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया और आरोपी महेश मंझवार पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी महेश मंझवार की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे घटना में प्रयुक्त डंडे एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य की जप्ती की गई है।

# महिला संबंधी अपराध में लैलूंगा पुलिस की त्वरित कार्यवाही, छेड़खानी मामले में चंद घंटों के भीतर 5 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा में दिनांक 31.08.2023 के शाम को स्थानीय किशोर बालिका द्वारा आरोपी राजवीर चौहान और उसके साथियों द्वारा छेड़खानी करने और उसके परिवारवालों के साथ आरोपियों द्वारा झगड़ा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पीड़िता बतायी कि घटना दिनांक 30.8 2023 को रात्रि में खाना खाकर आंगन में बैठकर बातचीत कर रहे थे रात्रि करीबन 9:00 बजे आंगन की ओर लड़ाई झगड़े की आवाज पर बाहर निकल कर देखें तो राजवीर उर्फ प्रकाश चौहान, नितेश चौहान दोनों बालिका के पिता के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहे थे जिसे देखकर बालिका और उसके घरवाले जाकर बीच बचाव किये। उसी समय राजबीर चौहान का भाई आकाश चौहान, गोपाल चौहान और समीर मांझी मोटर सायकल से आये और उनके साथ मिलकर गाली-गलौज, मारपीट करते हुये बालिका के साथ अभद्रता, छेड़खानी किये और मारने पीटने की धमकी दिये। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करा पीड़िता की रिपोर्ट पर छेड़खानी सहित सुसंगत धाराओं पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा टीम बनाकर तत्काल आरोपियों को पता तलाश घेराबंदी कर घटना में शामिल 5 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ कर विधिवत अपरध में गिरफ्तार किया जाकर आज माननीय न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

महिला संबंधी अपराध में तत्काल आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक हेलरियस तिर्की, राजू तिग्गा सुमित एक्का का विशेष योगदान रहा।

# खुले में रोड पर पशुओं को नहीं छोड़ने के संबंध में निकली जन-जागरूकता रैली

**❐ जिला पुलिस, यातायात विभाग व जेएसपी फाउण्डेशन का रैली में रहा विशेष सहयोग**

**❐ पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु पशुपालकों को किया गया जागरूक**



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जिले में खुले में विचरण करने वाले पशुओं के गले में रेडियम बैंड एवं टैगिंग का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं को खुले में नही छोडऩे के संबंध में पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से रायगढ़ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विशाल जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित रहे। रैली को सफल बनाने में जेएसपी फाउण्डेशन के साथ-साथ स्थानीय जिला पुलिस व यातायात विभाग का भी विशेष सहयोग रहा।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय, राज्य राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गो पर पाये जाने वाले घुमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाने एवं टैगिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा पशुपालकों के व्यवहार परिवर्तन हेतु ग्रामों, वार्डों में शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पशुपालकों को पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें पशुओं को खुले में न छोडऩे तथा घर में ही बांधकर रखने हेतु आग्रह किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही पशुओं को भी सुरक्षित रखा जा सके।

### आज होगा कोड़ातराई में आयुष मेले का होगा आयोजन

**रायगढ़।** डॉ. मीरा भगत प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं मेला प्रभारी डॉक्टर देवाशीष राय चौधरी आयुष विभाग पुसौर के नेतृत्व में 2 सितंबर को कोड़ातराई हाईस्कूल के सामने सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयुष मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से इलाज किया जाएगा। साथ ही नि:शुल्क का औषधि वितरण किया जाएगा। आयुष मेला में हिमोग्लोबिन एवं शुगर जांच की व्यवस्था की गई है। इस मौके विभिन्न प्रकार की गतिविधि का प्रदर्शन किया जाएगा जैसे जड़ी बूटी की पहचान एवं उसकी उपयोगिता काढ़ा वितरण, उच्च रक्तचाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, स्वस्थ्य जीवन शैली, जरा रोग, वात रोग रक्ताल्पता, योग, रोग एवं योग मानसिक शांति, इत्यादि के पंपलेट वितरण कर जागरूक किया जाएगा। आयुष मेले में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा आयुर्वेद का इलाज किया जाएगा। विशेषकर महिला रोगियों के लिए महिला चिकित्सक द्वारा ईलाज किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु 15 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 हेतु नामांकन/आवेदन योग्य बालक/बालिकाओं से 15 सितम्बर 2023 तक वेबसाईट https://awards.gov.inमें ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2024 हेतु प्रमुख बातें बालक/बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किये बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य, उक्त घटना दिनांक को बालक/बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो एवं घटना अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होनी चाहिए। आवेदक को पूर्व में इस हेतु राष्ट्रीय बाल द्वारा पुरस्कृत नहीं होना चाहिए। संलग्न आवश्यक दस्तावेज के रूप में घटना की एफआईआर अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने जो इस बाबत प्रकाशित हुआ हो, उक्त घटना क्रम का कम से कम 250 शब्दों में घटना का विस्तृत विवरण सत्यापित प्रति सहित, जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र एवं सभी आवश्यक दस्तावेज, 2 पासपोर्ट साइज के वर्तमान रंगीन फोटो ग्राफ्स, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं 4 अतिरिक्त पासपोर्ट साइज के फोटो, घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन-सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित (प्राचार्य/प्रधान पाठक, जिस स्कूल में बालक अध्ययनरत हो, पुलिस या अन्य विभाग), नामांकन/आवेदन 3 प्रतियों में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए होना चाहिए। इस संबंध में संपूर्ण जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

# यात्रियों की फिर बढ़ी परेशानी : रेलवे ने फिर से रद्द की 16 मेमू पैसेंजर ट्रेनें

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन, समय की पाबंदी और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार करने के लिए एवं ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए फिर से 16 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार निम्नलिखित गाडिय़ा रद्द रहेंगी।

- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक इतवारी एवं बालाघाट से चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया एवं कटंगी से चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक रायपुर से चलने वाली 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 03 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 08806 गोंदिया-वाडसा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक वाडसा से चलने वाली 08808 वाडसा-चांदाफ़ोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक चांदाफ़ोर्ट से चलने वाली 08805 चांदाफ़ोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक कटंगी से चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 04 सितम्बर से 13 सितम्बर 2023 तक गोंदिया से चलने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- ❖ दिनांक 09 सितम्बर से 12 सितम्बर 2023 तक बिलासपुर एवं शहडोल से चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल- बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।



### छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश जाने वाली छह ट्रेनें रहेंगी रद

यात्रियों को फिर से रेलवे ने बड़ा झटका दिया है। रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत छह ट्रेनों को दस दिन तक के लिए रद कर दिया गया है। रेलवे ने इसके पीछे का कारण बधवाबारा रेलवे स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का काम होना बताया है। दरअसल एक्सप्रेस ट्रेनों की लेटलतीफी से लंबे समय से जारी है। वहीं अनियमित तरीके से ट्रेनों के संचालन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेलवे प्रशासन हर बार अलग-अलग कारण बताकर यात्री ट्रेनों को रद कर यात्रियों की परेशानी बढ़ाने का काम कर रही है। बिलासपुर, रायपुर रेल मंडल के बीच संचालित छह ट्रेनों के रद होने से मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों में जाने वाली यात्रियों फिर से परेशान होना पड़ेगा। ये सभी ट्रेनें बुघवार 30 अगस्त से नौ सितंबर तक रद रहेगी। यानि दस दिनों तक यात्री परेशान रहेंगे।

रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि बधवाबारा रेलवे स्टेशन में नान इंटरलाकिंग का काम होने के कारण 31 अगस्त से आठ सितंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस,30 अगस्त से आठ सितंबर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस और एक से सात सितंबर तक रीवा से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 11751 रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस रद रहेगी।

राखी पर्व को ध्यान में रखकर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड,ओड़िशा, दिल्ली समेत अन्य राज्यों की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में पिछले एक महीने से मारामारी मची रही। बुधवार को सुबह से इन राज्यों की ओर रवाना हुई अधिकांश ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। कंफर्म टिकट वाले यात्री स्वजनों के साथ रवाना हुए वहीं जिन यात्रियों के टिकट कंफर्म नहीं थे, वे किसी तरह यहां से रवाना हुए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480